<u>आकाशवाणी मध्यप्रदेश</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक : 31 .08.2026 समय : 02.10PM

**सर्वोच्च न्यायालय - एथनॉल**

सर्वोच्च न्यायालय ने आज उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें केंद्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि देशभर के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल में मौजूद एथनॉल की सटीक मात्रा अनिवार्य रूप से बतायी जाए। अधिवक्ता नरेंद्र गोस्वामी द्वारा दायर याचिका में इथेनॉल-मिश्रित ईंधन के गाड़ियों के इस्तेमाल की अनुकूलता के बारे में अधिक पारदर्शिता के निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति एम.एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। हालांकि पीठ ने उन्हें अपनी शिकायत लेकर संबंधित उच्च न्यायालय जाने की छूट दी।

**मुख्यमंत्री-ओरछा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज निवाड़ी जिले के ओरछा में श्री रामराजा मंदिर परिसर और श्री रामराजा लोक के निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से प्रगति की जानकारी लेकर सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओरछा की प्राचीन धरोहरों को संरक्षित और संवर्धित करते हुए इसे धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**उज्जैन- महाकाल**

उज्जैन में भगवान महाकाल की भाद्रपद माह की पहली और इस वर्ष की पांचवीं सवारी आज शाम चार बजे निकलेगी। पूजन-अर्चन के बाद बाबा महाकाल पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। सवारी के दौरान श्रद्धालुओं को भगवान के पांच स्वरूपों के दर्शन होंगे। रामघाट पर क्षिप्रा के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन किया जाएगा। इस बार सवारी में पहली बार सामाजिक संस्थाओं की

ओर से एक रोबोट भी शामिल किया जा रहा है। मंदिर समिति की अनुमति से शामिल किया जा रहा यह रोबोट रामघाट पहुंचने पर शिव धुन सुनाएगा और आरती में भी शामिल होगा। इसे सवारी के साथ कुछ दूरी तक चलाया जाएगा।

**कार्रवाई- छेड़छाड़ मामला**

उमरिया जिले में छात्राओं से छेड़छाड़ के मामले में प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की है। सुल्तानपुर गांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक कोमलचंद्र गुप्ता के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोप सही पाए जाने के बाद शिक्षक को तत्काल निलंबित कर मानपुर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अटैच किया गया है।

**वंदेमातरम्- सामूहिक गायन-भोपाल**

मंत्रालय स्थित वल्लभ भाई पटेल पार्क में कल सुबह राष्ट्रगीत वंदेमातरम् और राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने वल्लभ भवन, विंध्याचल और सतपुड़ा भवन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 10 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

**महिला क्रिकेट**

महिला एशिया कप ट्वेंटी-ट्वेंटी क्रिकेट के ग्रुप-बी मुकाबले में आज बांग्लादेश का सामना इंडोनेशिया से होगा। दुबई में यह मैच भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से शुरू होगा। प्रतियोगिता में कल भारत ने थाईलैंड को 94 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 159 रन बनाए। शेफाली वर्मा को 64 रन की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का दौर फिर तेज हो गया है। मौसम विभाग ने सोमवार को रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भोपाल सहित कई जिलों में भी बारिश के आसार हैं। शहडोल में बाणसागर बांध के छह गेट खोले गए हैं। प्रदेश में अब तक 27 दशमलव 2 इंच बारिश हुई है, जो सामान्य से नौ प्रतिशत कम है।

समाचार संक्षेप में:-

- **शिवपुरी जिले के 196 तीर्थयात्री मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 07 सितम्बर को रामेश्वर के लिए रवाना होंगे, इच्छुक बुजुर्ग कल शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।**
- **सतना जिले में हो रही बारिश के कारण कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने पूरे जिले में आपदा प्रबंधन टीम और सभी अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।**

...............................